नवीन शिक्षा पद्धति पर आधारित एवं एन०सी०ई०आर०टी० द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार

# हिन्दी

## भाग 1

लेखक :
अभिषेक अग्रवाल

- शिक्षाप्रद-कहानियाँ
- शब्दार्थ
- मौखिक एवं लिखित प्रश्न
- अभ्यास के लिए प्रश्न-पत्र



## नवीन संस्करण

© प्रकाशकाधीन

इस पुस्तक के किसी भी भाग का किसी भी रूप में मुद्रण, प्रकाशन, संग्रहण अथवा प्रसारण प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना वर्जित है।

## संशोधनकर्त्ता

डॉ0 राम कुमार

*पी-एच0 डी0, एम0 ए0 (हिंदी)*

विशाल जैन

*एम0 ए0 (हिंदी)*

## वैधानिक सूचना

यद्यपि प्रस्तुत पुस्तक को त्रुटिरहित बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया है। परंतु इसमें यदि कोई त्रुटि रह गई हो तो उससे कारित क्षति अथवा संताप के लिए लेखक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पुस्तक विक्रेता का कोई दायित्व नहीं होगा। किसी त्रुटि के संज्ञान में आने पर भविष्य में उसका सुधार किया जाएगा।

# हिन्दी

## राष्ट्रभाषा हिंदी की पाठ्य-पुस्तक



वर्तमान में सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक व प्रयोगात्मक शिक्षा की सुदृढ़ता पर भी जोर दिया जा रहा है जिससे विकास के प्रत्येक क्षेत्र को स्थायित्व प्रदान किया जा सके। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) को प्रस्तुत किया गया है। इसके अंतर्गत ज्ञान के व्यावहारिक पक्ष को सबल बनाने और 'स्वयं करके सीखने' की अवधारणा को साकार करने पर जोर दिया गया है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख अवयव

**रचनात्मक और नवीनता (Creativity and Innovativeness)**
नए विचारों को उत्पन्न करने तथा उन रचनात्मक विचारों को चरितार्थ करने में सहायता करना।

**निरंतर समीक्षा (Continuous Review)**
नियमित समीक्षा के द्वारा समझ को परखना तथा सीखी गई अवधारणा को सुदृढ़ करना।

**संप्रेषण (Communication)**
प्रभावी रूप से संप्रेषण करने योग्य बनाना

**डिजिटल साक्षरता (Digital Literacy)**
शिक्षक-शिक्षार्थियों के बीच ऑनलाइन सहयोग को बढ़ाना

**समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच (Problem Solving and Critical Thinking)**
मस्तिष्क को तेज करना तथा स्मरण शक्ति में वृद्धि करना।

**अंतर-विषयक अधिगम (Inter-disciplinary Learning)**
अध्ययन के विभिन्न विषयों को जोड़ना अथवा शामिल करना।

**कला एकीकरण (Art Integration)**
'कला के माध्यम' से और 'कला के साथ' सीखने हेतु छात्रों को प्रोत्साहित करना।

**संगणनात्मक सोच (Computational Thinking)**
तार्किक और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ाना

**जीवन-कौशल और मूल्य (Life skills and Values)**
आत्म-विश्वास और नैतिक मूल्यों का समुचित विकास करना।

**अनुभावनात्मक अधिगम (Experiential Learning)**
'स्वयं करके सीखने' की प्रक्रिया में संलग्न करना, समूह भावना में वृद्धि करना तथा जोखिम लेने की क्षमता।

# आपके लिए.....

'हिन्दी' नवीन हिन्दी पाठ्य-पुस्तकें बच्चों की अभिरुचियों एवम् उनके मानसिक स्तर के अनुकूल हैं तथा उन्हें प्रतिदिन के जीवन से जोड़ती हैं। हिन्दी शृंखला अपने नाम को सार्थक करती, भाषा को विस्तृत रूप देती एक ऐसी, अनूठी शृंखला है जो विद्यार्थियों का निश्चय ही बहुआयामी मार्ग प्रशस्त करेगी।

पाठशाला में प्रवेश लेते ही बच्चों को उसके वातावरण के साथ तालमेल बनाना होता है, जिससे वे सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जुड़ सकें। पुस्तकें उनकी प्रिय मित्र बनें, इसे ध्यान में रखते हुए बच्चों की रुचि के अनुकूल विषयों का चयन किया गया है। जब विषय बच्चों की दुनिया से जुड़े हुए होते हैं तब उनसे बच्चों का परिचय स्वाभाविक ढंग से एवम् सरलता से हो जाता है। इन कक्षाओं में भाषा पर बल दिया जाता है; क्योंकि वर्णमाला सीखे बिना भाषा के लिखित रूप को सीख पाना संभव नहीं है। पढ़ना केवल वर्णमाला के अक्षरों और मात्राओं को रटना और जोड़-जोड़कर पढ़ना तथा लिखना ही नहीं अपितु इसके साथ-साथ सोच-समझ का विकास करना प्रस्तुत शृंखला का उद्देश्य है। भाषा-ज्ञान को सरल, सरस और रुचिकर बनाना भी अत्यंत आवश्यक है।

**हिन्दी शृंखला की विशेषताएँ–**

- भाषा-ज्ञान के लिए प्रस्तावित विविध पाठ्यक्रमों पर आधारित सरल और बोधगम्य विषयवस्तु।
- बच्चों के प्रतिदिन के अनुभवों से जुड़ी तर्कशक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की वृद्धि करने वाली रोचक विषयवस्तु।
- शिक्षार्थियों के स्तर के अनुरूप कविता, कहानी, घटना-वर्णन, नाटक आदि से परिचय; विषयवस्तु में विविधता और नवीनता।
- भाषा में रुचि बढ़ाने हेतु अतिरिक्त पाठ्य एवम बोधगम्य-सामग्री।
- सरल परिभाषाओं के अतिरिक्त व्याकरण के व्यावहारिक पक्ष की जानकारी हेतु प्रयास।
- अभ्यासों द्वारा जीने की कला सिखाना, मानवीय मूल्यों तथा स्वास्थ्यवर्धक आदतों पर विशेष दृष्टिकोण।
- विषय वस्तु को अधिक प्रभावपूर्ण रूप से समझाने के लिए अध्यापक बंधुओं हेतु कुछ शिक्षण-संकेत।
- प्रस्तुत शृंखला बच्चों के सर्वांगीण विकास में उपयोगी सिद्ध हो सकेगी; ऐसी हमारी आकांक्षा है और अपेक्षा भी।
- प्रबुद्ध शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों के अमूल्य सुझावों का सर्वदा स्वागत है।



–प्रकाशक

# विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. वर्षा रानी | (कविता) | ... 5 |
| 2. नदी की चिट्ठी | (निबंध) | ... 8 |
| 3. चील के शिकार | (कहानी) | ... 12 |
| 4. नकलची बंदर और सौदागर | (कहानी) | ... 16 |
| 5. घमंडी कौआ | (कहानी) | ... 21 |
| 6. अम्मा का झूला | (कविता) | ... 26 |
| 7. नन्हीं परी | (कहानी) | ... 30 |
| 8. सपना | (कहानी) | ... 34 |
| कुछ अच्छी आदतें | ( केवल पठन हेतु ) | ... 38 |
| 9. सत्संगति | (कहानी) | ... 39 |
| 10. प्यारा देश | (लेख) | ... 44 |
| 11. उँगलियों का कर्तव्य | (कहानी) | ... 48 |
| 12. जन्मदिन का उपहार | (लेख) | ... 52 |
| 13. सब्जियों का महत्त्व | (संवाद) | ... 56 |
| 14. नभ के पिंड | (कविता) | ... 61 |
| 15. बुद्धिमान सियार | (कहानी) | ... 65 |
| 16 तेनाली का उपहार | (कहानी) | ... 69 |
| खरगोश की पूँछ | ( केवल पठन हेतु ) | ... 75 |
| प्रश्न-पत्र–I | | ... 77 |
| प्रश्न-पत्र–II | | ... 79 |




# वर्षा रानी 1
(कविता)



रिमझिम-रिमझिम बरसा पानी,
देखो आ गई वर्षा रानी।
काले-काले बादल गरजे,
झम-झमाझम, जमकर बरसे।

चम-चम बिजली चमक रही है,
चारों ओर हरियाली है।
छम-छम बूँदें बरस रही हैं,
घनघोर घटा मतवाली है।

भर गए सारे ताल–तलैया,
मेंढक गीत सुनाते हैं।
सौंधी मिट्‌टी महक रही है,
पेड़ खड़े मुस्काते हैं।

मैं भी आऊँ, तुम भी आओ,
बारिश में सब खूब नहाओ।
कागज़ की सब नाव बनाओ,
मिलकर पानी में तैराओ।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

गरजना/गर्जना = बादलों की आवाज़ (thundering); तलैया = पानी के छोटे तालाब (swimming pool); जमकर = खूब (fiercely); सौंधी = सुगंधित (aromatic); घनघोर घटा = काले-काले बादल (pouring clouds)।

## श्रुतलेख (Dictation)

रिमझिम, झमाझम, घनघोर, मेढ़क, मुस्काते, तलैया

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

1. **कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

   भर गए ______________

   मेंढक गीत ______________ हैं।

   सौंधी ______________,

   पेड़ ______________ हैं।



2. **बताओ—**

   (क) कविता में किस ऋतु के बारे में बताया गया है?

   (ख) वर्षा होने पर चारों ओर का वातावरण कैसा हो जाता है?

## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

   (क) मेंढक क्या कर रहे हैं?

   ______________________________

   ______________________________

(ख) आप बारिश होने पर क्या करते हैं?

______________________________

______________________________

2. **पढ़ो, समझो और लिखो—**

(क) रानी — र् + आ + न् + ई

(ख) गीत — ग् + ______ + त् + ______

(ग) बिजली — ______ + इ + ______ + अ + ______ + ई

(घ) तलैया — ______ + ______ + ल् + ऐ + ______ + ______

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

- **समान तुक वाले शब्द लिखो—**

(क) ओर — ______ (ख) महक — ______

(ग) बरस — ______ (घ) पानी — ______

(ङ) ताल — ______ (च) काला — ______

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **आप बारिश का आनन्द किस प्रकार उठाते है?**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **हम बारिश के पानी को किस प्रकार जमा कर सकते है? इसकी चर्चा कक्षा में सहपाठियों से करें।**

## रचनात्मक गतिविधि

- **बारिश के पानी के दो उपयोग बताओ।**

______________ ______________

# नदी की चिट्ठी 2
(निबंध)



मैं नदी हूँ। बहते रहना मेरी आदत है, चाहे दिन हो या रात। लोग मुझे देखकर खुश होते हैं और मैं उन्हें देखकर। भारत में बहने वाली नदियों को बहुत आदर मिलता है। उन्हें देवी तक माना जाता है और उनकी पूजा भी होती है, जैसे गंगा-यमुना नदी को  लोग बहुत आदर देते हैं। मेरे अंदर कुछ भी डालो, मैं उसे बहाकर दूर ले जाती हूँ।

मेरे किनारे पर बैठकर लोग पिकनिक मनाते हैं। नहाते हैं। मेरे भीतर नौका भी चलाते हैं। मेरी लहरों से खेलते हुए उन्हें नौका में सवारी करना बहुत भाता है। मुझे भी नौका-चालन से गुदगुदी-सी होती है। रात को जब चाँद चमकता है तो उसकी परछाई मेरे भीतर डोलती है। तारे भी झिलमिल करते हुए उसके साथ दिखते हैं। तब मैं बहुत सुंदर लगती हूँ। मुझे अपने पर गर्व होता है।

कुछ स्थानों पर खेती के लिए भी मेरा पानी उपयोग में लाया जाता है। यह भी एक सेवा कार्य है। मेरे पानी से अन्न उपजे और बच्चे उसे खाएँ तो मेरा मन खुश ही होगा ना।

पर कुछ लोग मेरी शराफत का गलत अर्थ लगाते हैं और मेरे भीतर कूड़ा-करकट आदि बहाते हैं। तब मुझे बड़ा कष्ट होता है। मेरा स्वच्छ जल तब धुँधला

और बदसूरत हो जाता है। मेरे भीतर रहने वाली मछलियाँ भी रोगी हो जाती हैं।

यदि आप किसी को ऐसा करते देखें तो उसे समझाइए। प्रायः पिकनिक मनाने आए लोग मेरे अंदर खाली प्लास्टिक की बोतलें और चिप्स आदि के रैपर फेंक देते हैं। यह सब गलत है। आशा है आप तो ऐसा नहीं करते होंगे।

कुछ त्योहारों पर शाम के समय स्त्रियाँ या अन्य भक्तजन मेरे भीतर जलते दीये बहाते हैं, इससे मेरा सारा पानी जगमगा उठता है, तब तो मैं बिलकुल दुल्हन के समान लगती हूँ। मैं हमेशा साफ, सुंदर और उपयोगी बने रहना चाहती हूँ। आशा है आप मेरी यह इच्छा पूरी करने में सहयोग देंगे।

धन्यवाद
आपकी अपनी
नदी

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

आदर = सम्मान (respect); भीतर = अंदर (inside); गर्व = घमंड (proud); उपयोग = इस्तेमाल (use); शराफत = नेकी (gentleness); कष्ट = पीड़ा (pain); स्वच्छ = साफ (pure); रोगी = बीमार (sick); उपयोगी = फायदेमंद (useful)।

## श्रुतलेख (Dictation)

आदत, किनारे, नौका, गुदगुदी, परछाई, स्वच्छ, प्लास्टिक, चिप्स, स्त्रियाँ

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(क) नदी की क्या आदत है?

(ख) नदियों की क्या की जाती है?

(ग) नदियों का पानी किस उपयोग में लाया जाता है?



## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) लोग किसे देखकर खुश होते हैं?

_______________

(ख) जब नदी में नौका चलती है तो उसे कैसा लगता है?

_______________

(ग) प्राय: पिकनिक मनाने आए लोग नदी के भीतर क्या फेंक देते हैं?

_______________

(घ) नदी हमेशा कैसा बने रहना चाहती है?

_______________

(ङ) नदी कब दुल्हन समान लगती है?

_______________

2. **सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—**

(क) नदी की आदत है—

गाते रहना ☐ बहते रहना ☐

(ख) कुछ लोग गलत अर्थ लगाते हैं, नदी की—

शराफत का ☐ लहरों का ☐

(ग) कूड़ा-करकट नदी में डालने से नदी को—

कष्ट होता है ☐ कोई प्रभाव नहीं पड़ता ☐

(घ) नदी हमेशा बने रहना चाहती है—

जवान ☐ उपयोगी ☐

(ङ) नदी में लोग जलाते हैं—

दीए ☐ कागज ☐

3. **सुमेल कीजिए—**

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (क) खुश | (i) दिल |
| (ख) मन | (ii) नाव |
| (ग) नौका | (iii) अकसर |
| (घ) प्राय: | (iv) प्रसन्न |

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **पढ़ो और समझो—**

(क) कष्ट, दर्द, पीड़ा। (ख) रोगी, अस्वस्थ, बीमार।

(ग) शाम, संध्या, सांय। (घ) पानी, जल, नीर।

2. **मिलाकर पढ़िए फिर लिखिए—**

(क) पिक + निक = ____________ (ख) उप + योग = ____________

(ग) झिल + मिल = ____________ (घ) जग + मग = ____________

3. **शब्द के अंतिम वर्ण से नया शब्द शुरू करके शब्द-लड़ी बनाइए—**

नदी दही हीरा ________ ________

________ ________ ________ ________ ________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **पानी आपके किन-किन कामों में इस्तेमाल होता है?**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **"हमें पानी बर्बाद नहीं करना चाहिए।" इस विषय में अपनी कक्षा में चर्चा कीजिए।**


## रचनात्मक गतिविधि

- **भारत में पाई जाने वाली किन्हीं तीन नदियों के नाम बताइए।**

# चील के शिकार 3

(कहानी)

एक चूहा मैदान में अपना बिल बनाकर रहता था। उसी जगह एक बड़े पत्थर के नीचे एक मेंढक भी रहता था। चूहा मेंढक को पसंद नहीं करता था और मेंढक चूहे को पसंद नहीं करता था।



चूहा कहता– ''मैं बड़ा ताकतवर हूँ। मैं ज़मीन भी खोद सकता हूँ।''

मेंढक कहता–''बलवान तो मैं भी हूँ। मैंने अपने सिर पर इतना बड़ा पत्थर जो उठाया हुआ है।''

दोनों अपने को ताकतवर मानते और एक-दूसरे से झगड़ते रहते। चूहा सारा दिन चूँ-चूँ कर शोर मचाता रहता था। मेंढक रात-भर टर्र-टर्र टर्राता था।

एक दिन मेंढक चूहे से बोला– ''आ चूहे, निकल अपने बिल से बाहर। देखूँ, तुझ में कितना दम है?''

मेंढक की टर्र-टर्र सुनकर चूहे को गुस्सा आ गया। वह अपने बिल से बाहर निकला। अपने नुकीले पंजे लेकर वह मेंढक को मारने के लिए दौड़ा। मेंढक भी मैदान में आ गया।

मेंढक और चूहा मैदान में आमने-सामने थे। दोनों एक-दूसरे को मारने के लिए तैयार हैं।

आसमान में उड़ती चील ने दोनों को देखा। एक ही झपट्टे में उसने दोनों को अपने पंजों से उठा लिया। अपने बच्चों का उनका मनपसंद खाना खिलाने के लिए चील अपने घोंसले की ओर उड़ गई। इस प्रकार दोनों चील के शिकार बन गए।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

बिल = चूहे का घर (hole, house of mouse); शोर = हल्ला, चिल्लाना (cry); पसंद = अच्छा (like); टर्र–टर्र = मेढक की बोली (sound of frog); ताकतवर = बलवान (powerful); दम = ताकत (power); गुस्सा = क्रोध (angry); नुकीले = नोंकदार (pointed); आसमान = आकाश (sky); पंजों = पैरों (legs); घोंसला = पक्षियों का घर (nest, house of birds)I

## श्रुतलेख (Dictation)

मेंढक, चूहा, झगड़ते, चूँ-चूँ, टर्र-टर्र, नुकीले, पंजे, झपट्टे

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) चूहे का घर क्या कहलाता है?

(ख) चूहा किसको खोद सकता था?

(ग) पत्थर कौन उठाए हुए है?

(घ) अपने को बलवान कौन बता रहा है?



## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चूहा सारे दिन क्या करता रहता था?

_______________

(ख) मेंढक टर्र–टर्र कब करता था?

_______________

(ग) चूहे को किस बात पर गुस्सा आ गया?

______________________________

## 2. सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—

(क) चूहे का घर कहलाता है—

बिल ☐ घोंसला ☐ गुफा ☐

(ख) मेंढक रहता था—

घोंसले में ☐ पत्थर के नीचे ☐ बिल में ☐

(ग) चूहा मेंढक को नहीं करता था—

प्यार ☐ दुखी ☐ पसंद ☐

## 3. सही शब्द से खाली जगह भरो—

बिल, झगड़ते, मेढ़क, ज़मीन

(क) दोनों एक-दूसरे से ______________ रहते थे।

(ख) चूहा अपने ______________ से बाहर आया।

(ग) मैं ______________ को खोद सकता हूँ।

(घ) ______________ रात-भर टर्र-टर्र टर्राता था।

## 4. स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से मिलाओ—

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (क) चूहा | (i) बोली |
| (ख) पंजे | (ii) पत्थर |
| (ग) मेंढक | (iii) बिल |
| (घ) चील | (iv) घोंसला |
| (ङ) चूँ-चूँ | (v) नुकीले |



## 5. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) लगाओ—

(क) दोनों एक-दूसरे को प्यार करने के लिए तैयार थे। ☐

(ख) चील उड़कर चूहे के बिल के पास गई। ☐

(ग) मेंढक की टर्र-टर्र सुनकर चूहे को गुस्सा आ गया।

(घ) आसमान में उड़ती चील ने दोनों को देखा।

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. दिए गए शब्दों की शुद्ध वर्तनी पर सही ( ✓ ) का निशान लगाओ-

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिल | बिल्ल | बील | बील्ल |
| मेंढ़क | मेढ़क | मेढक | मेडक |
| टर-टर | टरर-टरर | टर्‍र-टर्‍र | टर्र-टर्र |

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द अपने बड़ों की सहायता से लिखो—

बलवान — ____________ खाना — ____________ दिन — ____________

बड़ा — ____________ एक — ____________ अपना — ____________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- चील के बच्चों का मनपसंद खाना चूहा और मेंढक थे। अब आप दो पशु-पक्षियों के उनके मनपसंद खाने बताओ।

## समूह कार्य (Group Discussion)

- कक्षा में अपने सहपाठियों के साथ शिक्षक/शिक्षिका की उपस्थिति में चर्चा कीजिए कि आपको क्या-क्या खाना पसंद है?

## रचनात्मक गतिविधि

- आप चील के विषय में क्या-क्या जानते है? चार से पाँच पंक्तियों में लिखे उसका चित्र भी बनाए या चिपकाए।

# नकलची बंदर और सौदागर 4

(कहानी)

एक गाँव में टोपियाँ बेचने वाला एक सौदागर रहता था। वह टोपियाँ बेचकर अपनी जीविका चलाता था। एक दिन वह नजदीक के गाँव में टोपियाँ बेचने गया। गर्मी से परेशान होकर वह एक वृक्ष की छाया के नीचे बैठ गया। बैठते ही उसे नींद आ गई। वह अपनी टोपियों से भरे थैले को अपने पास में ही रखकर सो गया।

उस वृक्ष के ऊपर कुछ शरारती बंदर बैठे हुए थे। तभी वे सब वृक्ष से नीचे कूद पड़े। नकलची बंदरों ने टोपियों वाले थैले में से टोपियाँ निकालकर एक-एक टोपी अपने सिर पर पहन ली। टोपियाँ पहनकर सभी बंदर मस्ती करने लगे और वृक्ष पर चढ़ गए।



जब सौदागर की आँख खुली, तो वह अपने टोपियों से भरे थैले को खाली देखकर हैरान रह गया। इधर-उधर देखने के बाद उसने पेड़ पर कुछ बंदरों को टोपियाँ पहने देखा। सौदागर ने बंदरों को डराया लेकिन बंदरों ने टोपियाँ वापस नहीं की। सौदागर को मालूम था कि बंदर नकलची होते हैं। उसने अपनी टोपी सिर

से उतारकर नीचे पटक दी। ऐसा देखकर सभी बंदरों ने भी अपनी-अपनी टोपियाँ सिर से उतारकर जमीन पर फेंक दी। इस प्रकार, सौदागर ने सारी टोपियाँ इकट्ठी की और थैले में डालकर घर चला गया।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

सौदागर = व्यापारी (merchant); जीविका = जीवन निर्वाह (livelyhood); नजदीक = निकट (near); शरारती = शरारत करने वाला (naughty); नकलची = बेईमान (cheater); इकट्ठी = एकत्र (collect)I

## श्रुतलेख (Dictation)

टोपियाँ, सौदागर, नजदीक, शरारती, हैरान, वृक्ष, इकट्ठी

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) सौदागर क्या काम करके अपनी जीविका चलाता था?

(ख) कौन नकलची होते हैं?

(ग) सौदागर को क्या मालूम था?



## लिखित (Written)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(क) गाँव में टोपियाँ बेचने वाला कौन रहता था?

______________________

(ख) सौदागर को किस जगह पर नींद आ गई थी?

______________________

(ग) वृक्ष से नीचे कौन कूद पड़े थे?

_______________

(घ) सौदागर ने किस प्रकार सारी टोपियाँ इकट्ठी की?

_______________

## 2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—

(क) एक गाँव में टोपियाँ बेचने वाला एक _______ रहता था।

व्यक्ति ☐ सौदागर ☐ दुकानदार ☐

(ख) वृक्ष के ऊपर कुछ _______ बंदर बैठे थे।

मोटे ☐ बड़े ☐ शरारती ☐

(ग) बंदर _______ होते हैं।

नकलची ☐ सौदागर ☐ मोटे ☐

## 3. सही शब्द से खाली जगह भरो—

मस्ती, पटक, टोपियाँ, थैला

(क) एक गाँव में _______ बेचने वाला एक सौदागर रहता था।

(ख) सौदागर के पास टोपियों से भरा _______ था।

(ग) बंदर टोपियाँ पहनकर _______ करने लगे।

(घ) सौदागर ने अपनी टोपी सिर से उतारकर नीचे _______ दी।

## 4. सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए—

(क) सौदागर टोपियाँ बेचकर अपनी जीविका चलाता था। ☐

(ख) सर्दी के कारण परेशान होकर सौदागर एक वृक्ष की छाया के नीचे बैठ गया। ☐

(ग) वृक्ष के ऊपर कुछ कौए बैठे थे।

(घ) सौदागर अपने टोपियों से भरे थैले को खाली देखकर हैरान हो गया।

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

**1. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**

(क) धरती — ____________ ____________

(ख) वायु — ____________ ____________

(ग) समुद्र — ____________ ____________

(घ) सूर्य — ____________ ____________

**2. इनके बहुवचन लिखिए—**

(क) गिलहरी — ____________

(ख) किताब — ____________

(ग) गुब्बारा — ____________

(घ) बस्ता — ____________

(ङ) फूल — ____________

(च) बोतल — ____________

(छ) टोकरी — ____________

(ज) खिलौना — ____________



**3. शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए—**

(क) सहेली — ________ = ____________________

(ख) प्यार — ________ = ____________________

(ग) उपहार — __________ = ______________________________

(घ) निशानी — __________ = ______________________________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- इस पाठ में बंदरों की विशेषता 'नकलची' है। ऐसे ही आप भी अपनी विशेषता बताइए।

## समूह कार्य (Group Discussion)

- अपने माता-पिता के साथ चिड़ियाघर जाइए और वहाँ सभी पशु-पक्षियों को ध्यान से देखिए। वे वहाँ कैसे रहते हैं, क्या-क्या खाते हैं? पता कीजिए। फिर अपना अनुभव कक्षा में सुनाइए।

## रचनात्मक गतिविधि

- जिस प्रकार पाठ में बंदरों की विशेषता 'नकलची' बताई गई है। ठीक उसी प्रकार अन्य जानवरों के नाम लिखकर उनकी विशेषताओं सहित उनका एक चार्ट बनाइए।


# घमंडी कौआ 5

(कहानी)



एक जंगल था। उसमें सभी जानवर मिल जुलकर रहते थे। एक बार जून के महीने में तेज़ गरमी पड़ी। सभी पशु-पक्षी प्यासे थे। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या करना चाहिए? सब चुपचाप बैठे थे।

उन पशु-पक्षियों में एक कौआ भी था। वह बहुत घमंडी था। बोला– ''भई वाह, मेरे क्या कहने! पिछली बार मैंने घड़े में कंकड़ डालकर पानी पिया था। इस बार भी मैं पानी पीकर लौटूँगा।''



सबसे पहले कौआ तालाब पर गया। तालाब पर पानी नहीं था। फिर नहर पर गया। नहर भी पानी न होने के कारण सूख गई थी। उड़ते-उड़ते वह एक ग्राम में पहुँचा। वहाँ उसे एक कूप दिखाई दिया। उस कूप पर कुछ औरतें

पानी भर रही थीं। पानी देखकर कौआ खुशी से नाच उठा। वह काँव-काँव करने लगा। उसकी काँव-काँव सुनकर औरतों को क्रोध आ गया। उन्होंने उसे वहाँ से भगा दिया। बेचारा कौआ मुँह लटकाकर उड़ गया।

अब उसे तेज़ प्यास लगने लगी। तभी उसे एक घड़ा दिखाई दिया। उसने सोचा– 'अरे वाह! इस बार भी मुझे घड़ा मिल गया।' उसने घड़े में झाँककर देखा। उसमें पानी तो था, पर बहुत थोड़ा। उसने अपनी चोंच घड़े में डाली। परंतु चोंच पानी तक पहुँच न पाई। अब कौए को पता था कि उसे क्या करना है। वह फ़ौरन उड़ा और कंकड़ उठाकर घड़े में डालने लगा। परंतु अभी भी उसकी चोंच पानी तक नहीं पहुँच पाई।

उसने इधर-उधर देखा। उसे कंकड़ दिखाई नहीं दिया। वह कंकड़ लाने कुछ दूर उड़ गया। वहीं पेड़ पर एक तोता बैठा था। वह बहुत दूर से कौए को घड़े में कंकड़ डालते हुए देख रहा था।

तोते के पास एक स्ट्रॉ थी। जैसे ही कौआ उड़ा, तोता घड़े पर आया और स्ट्रॉ डालकर मज़े से पानी पीने लगा।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

जंगल = वन (forest); ग्राम = गाँव (village); चुपचाप = शांत (silent); कूप = कुआँ (well); घमंडी = गर्वीला (proudy); क्रोध = गुस्सा (anger); फ़ौरन = तुरंत (quickly); स्ट्रॉ = एक घास की नली (a pipe of straw)|

## श्रुतलेख (Dictation)

जंगल, पक्षी, घमंडी, कंकड़, कौआ, ग्राम, क्रोध, काँव-काँव, चोंच, स्ट्रॉ

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)



- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) सबसे पहले कौआ कहाँ पर गया?

(ख) नहर में क्या नहीं था?

(ग) औरतें किस पर पानी भर रही थीं?

## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) तोते के पास क्या थी?

(ख) सभी पशु-पक्षी कहाँ रहते थे?

(ग) कौआ पानी ढूँढ़ने कहाँ-कहाँ गया?

2. **सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—**

(क) सभी जानवर मिल-जुलकर कहाँ रहते थे?

| | | | |
|---|---|---|---|
| जंगल में | ☐ | घर में | ☐ |
| गाँव में | ☐ | कोई नहीं | ☐ |

(ख) महीना कौन-सा था?

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिसंबर का | ☐ | जनवरी का | ☐ |
| जून का | ☐ | कोई नहीं | ☐ |

(ग) सभी पशु-पक्षी कैसे थे?

बीमार ☐ प्यासे ☐

खुश ☐ कोई नहीं ☐

3. **सही शब्द से खाली जगह भरो—**

कौआ, कंकड़, देखता, स्ट्रॉ, तोता,

(क) पिछली बार मैंने घड़े में ________ डालकर पानी पिया।

(ख) उन पशु-पक्षियों में एक ________ भी था।

(ग) वहीं पेड़ पर एक ________ बैठा था।

(घ) तोते ने ________ डालकर मज़े से पानी पिया।

(ङ) कौआ बेचारा ________ ही रह गया।

4. **सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत वाक्य के सामने ( ✗ ) लगाओ—**

(क) कौए ने घड़े में कंकड़ डाले। ☐

(ख) तोते ने सारा पानी पी लिया। ☐

(ग) कौए ने तालाब से पानी पिया। ☐

(घ) औरतें कूप से पानी भर रही थी। ☐

5. **स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से मिलाओ—**

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (क) कूप | (i) गाँव |
| (ख) जंगल | (ii) कुआँ |
| (ग) क्रोध | (iii) वन |
| (घ) चुपचाप | (iv) गुस्सा |
| (ङ) ग्राम | (v) शांत |



## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

- दिए गए शब्द के शुद्ध रूप पर ( ✓ ) सही का चिह्न लगाओ—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) घडा | ☐ | घड़ा | ☐ | (ङ) घमंडी | ☐ | घंमड़ी | ☐ |
| (ख) कंकड़ | ☐ | ककड़ | ☐ | (च) लौटूंगा | ☐ | लौटूँगा | ☐ |
| (ग) कोआ | ☐ | कौआ | ☐ | (छ) पियासे | ☐ | प्यासे | ☐ |
| (घ) तोता | ☐ | तौता | ☐ | (ज) तालाब | ☐ | तलाब | ☐ |

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- हमें इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

## समूह कार्य (Group Discussion)

- हमें कभी किसी बात का घमंड नहीं करना चाहिए। इस विषय में कक्षा में चर्चा कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि

- **उच्चारण करो–**

प्यासे, पशु-पक्षियों, काँव-काँव, क्रोध, ग्राम, स्ट्रॉ,
झाँककर, तालाब, फ़ौरन, कंकड़, खत्म, पहुँच

# 6 अम्मा का झूला

(कविता)

अम्मा का लगा है झूला,
इस झूले पर मैं झूलूँगी।
इस पर चढ़कर, ऊपर बढ़कर,
आसमान को मैं छू लूँगी।
झूल रही है डाली-डाली,
झूल रहा है पत्ता-पत्ता।
इस झूले पर बड़ा मज़ा है,
ले चल दिल्ली, कलकत्ता।
झूल रही नीचे की धरती,
कहती, उड़ चल, उड़ चल।
बरस रहा है रिमझिम, रिमझिम,
मन चाहता पकड़ूँ यह बादल।

—रामपाल भारद्वाज



## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

अम्मा = माता (mother); डाली = टहनी (branch); आसमान = आकाश (sky); धरती = धरा (earth); मज़ा = आनंद (enjoy); बादल = घन (cloud); रिमझिम = जल की छोटी-छोटी बूँदों की वर्षा, फुहार (rain of small drops of a water)।

## श्रुतलेख (Dictation)

झूलूँगी, पत्ता, दिल्ली, कलकत्ता, रिमझिम, बादल, पकड़ूँ


# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) झूला कौन झूल रहा है?

(ख) आजकल आप पार्क में कौन-सा झूला झूलते हैं?



## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) इस झूले पर क्या है?

________________________________________

(ख) रिमझिम-रिमझिम बारिश कौन कर रहा है?

________________________________________

2. **सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—**

(क) झूला किसका लगा है?

अम्मा का ☐ बहन का ☐ भाई का ☐

(ख) झूला कौन-कौन झूल रहा है?

डाली-डाली      पत्ता-पत्ता      ये दोनों

(ग) धरती झूलती हुई क्या कहती है?

उड़ चल      मत चल      खड़ी रह

3. **कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

रिमझिम,   मन,   दिल्ली,   मज़ा

(क) बरस रहा है, रिमझिम, ____________,

____________ चाहता पकड़ूँ यह बादल।

(ख) इस झूले पर बड़ा ____________ है,

ले चल ____________, कलकत्ता।

4. **सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) लगाओ—**

(क) धरती झूलती हुई कह रही है— उड़ चल, चल, उड़ चल।

(ख) पूरा पेड़ झूल रहा है।

(ग) बच्चे का मन उड़कर बूँदों को लूटने का करता है।

(घ) बच्ची झूले के ऊपर बैठकर आसमान को छू लेना चाहती है।

5. **स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से मिलाओ—**

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (क) झूला | (i) राज्य |
| (ख) दिल्ली | (ii) नीचे |
| (ग) धरती | (iii) डाली |
| (घ) रिमझिम | (iv) वर्षा |
| (ङ) बड़ा | (v) मज़ा |

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. एक-एक अक्षर भरकर दो-दो शब्दों की रचना करो—

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ब |
| | | | ढ़ |
| | | | क |
| च | ढ़ | क | |

| | |
|---|---|
| | क |
| | ल |
| | क |
| प | |

| | | |
|---|---|---|
| | | झू |
| | | लूँ |
| छू | लूँ | |

2. 'आसमान' और 'अम्मा' शब्दों में 'आ' की मात्रा लगी हुई है। इसी प्रकार आप भी दिए गए शब्दों में 'आ' की मात्रा लगाकर सही शब्द बनाओ—

छत ______________ गन ______________ खन ______________

नचन ______________ मनन ______________ जनन ______________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- कविता को कंठस्थ करके अपनी कक्षा में सुनाइए।

## समूह कार्य (Group Discussion)

- रिमझिम शब्द की अपने मित्रगणों में अर्थ सहित चर्चा कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि

- कविता की एक-एक पंक्ति एक-एक करके सभी छात्र बोलें। यही क्रम अंत तक जारी रहेगा।



# नन्हीं परी 7

(कहानी)

एक था मोहित। नन्हा-मुन्ना प्यारा मोहित। एक दिन मोहित को नींद आ रही थी। मोहित नानी के पास लेटा था। मोहित ने नानी से कहानी सुनाने के लिए कहा। जानते हो, नानी ने मोहित को कौन-सी कहानी सुनाई। परी की कहानी।

वह परी, जो बच्चों को बहुत प्यार करती थी।





कहानी सुनते-सुनते मोहित को नींद आ गई। पता है, सपने में उसने क्या देखा? उसने देखा, एक सुंदर-सी परी।

परी उससे कह रही है–"मोहित उठो! उठकर पढ़ाई करो। इस बार जो भी बच्चे

परीक्षा में अच्छे अंक लाएँगे। मैं उन्हें उपहार दूँगी। तुम्हें तो मैं परीलोक और आसमान की सैर भी कराऊँगी। वह बहुत खुश हुआ। अचानक उठकर बैठ गया। उसने सोचा कि अब से वह खूब मेहनत से पढ़ाई करेगा। अच्छे अंक लाएगा। परी को उसे उपहार देना ही होगा। तो मित्रो! तुम्हें भी मनपसंद उपहार चाहिए क्या? चाहिए तो चलो, हम सब मिलकर पढ़ते हैं। मुझे तो परी के साथ घूमना भी है।''

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

प्यारा = लाड़ला (lovely); मनपसंद = पसंदीदा (favourite); कहानी = कथा (story); उपहार = तोहफ़ा (present); अंक = नंबर (marks); परीक्षा = टैस्ट, जाँच (exam, test); आसमान = आकाश (sky); अचानक = एकाएक (suddenly)।

## श्रुतलेख (Dictation)

परी, कहानी, अंक, उपहार, सैर, मनपसंद, मित्रों, घूमना

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) नन्हे-मुन्ने का क्या नाम था?

(ख) मोहित को कहानी किसने सुनाई?

(ग) कहानी सुनते-सुनते नींद किसे आ गई?

(घ) मोहित किसके पास लेटा था?



## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) सपने में मोहित ने किसको देखा?

(ख) परी की कहानी किसने किसको सुनाई?

---

(ग) मोहित को सपने में परी ने क्या कहा?

---

**2. सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—**

(क) मोहित ने सपने में देखा—

नानी को ☐ माँ को ☐ परी को ☐

(ख) मोहित को कहानी सुनाई—

नानी ने ☐ दादी ने ☐ माँ ने ☐

(ग) मोहित ने कहानी सुनी—

परी की ☐ मछली की ☐ बहादुर बच्चों की ☐

**3. सही शब्द से खाली जगह भरो—**

घूमना, नानी, उपहार, प्यारा

(क) मोहित ________ जी के पास लेटा था।

(ख) परी को उसे ________ देना ही होगा।

(ग) एक था नन्हा-मुन्ना ________ मोहित।

(घ) मुझे तो परी के साथ ________ भी है।

**4. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) लगाओ—**

(क) एक दिन मोहित को नींद नहीं आ रही थी। ☐

(ख) रोहित उठो! उठकर पढ़ाई करो। ☐

(ग) मोहित ने नानी से कविता सुनाने के लिए कहा। ☐

(घ) मोहित को सपने में उसकी माँ दिखाई दी। ☐

5. स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से मिलाओ—

| स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|
| (क) सुंदर | (i) | अंक |
| (ख) अच्छे | (ii) | मोहित |
| (ग) नन्हा-मुन्ना | (iii) | परी |
| (घ) मनपसंद | (iv) | उपहार |

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द पर ( ✓ ) लगाओ—

| | | | |
|---|---|---|---|
| अच्छा → | बुरा ☐ | भला ☐ | अच्छाई ☐ |
| खूब → | ज़्यादा ☐ | कम ☐ | अधिक ☐ |
| उठकर → | भागकर ☐ | जागकर ☐ | सोकर ☐ |
| दिन → | रात ☐ | दिवस ☐ | भोर ☐ |
| सुंदर → | खुबसूरत ☐ | असुंदर ☐ | सुंदरता ☐ |

2. दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग रूप अपने से बड़ों की सहायता से लिखो—

राजा ________ नाना ________ भाई ________ छात्र ________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- परी की कोई दूसरी कहानी अपने छोटे भाई या बहन को सुनाइए।

## समूह कार्य (Group Discussion)

- खेल-खेल में अपने मित्रगणों के साथ किसी भी कहानी की चर्चा करो और उससे प्राप्त शिक्षा को ग्रहण करो।

## रचनात्मक गतिविधि

- आपके घर में कहानी कौन सुनाता है? कोई कहानी अपने आप बना के उन्हें सुनाए।



# सपना 8

(कहानी)

सपना देखना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इस मौलिक अधिकार में वह कभी-कभी सुंदर कल्पना भी करने लग जाता है।

एक बार एक किशोरी ग्वालिन अपने सिर पर दूध से भरा कलश रखकर शहर में बेचने के लिए जा रही थी। चलते-चलते वह विचारों में खो गई और खुली आँखों से सपने देखने लग गई कि मैं सारा दूध शहर में बेचकर खूब सारे पैसे कमाऊँगी। उन पैसों से खूब सारे अंडे खरीदूँगी। उन अंडों से मुर्गी के चूजे निकलेंगे। जब चूजे बड़े हो जाएँगे, तब उन्हें बेचकर एक सुंदर-सी रेशम की पोशाक बनवाऊँगी। जब मैं वह रेशम की पोशाक पहनूँगी, तब बहुत ही सुंदर दिखाई दूँगी। त्योहार के दिन चौपाल में जाकर सबके साथ नाचूँगी। सारे युवक मेरे साथ नाचने का प्रस्ताव रखेंगे, तो मैं सिर हिलाकर उन सबको इंकार कर दूँगी।



ऐसा सोचकर किशोरी ग्वालिन ने सिर को जोर से हिलाया ही था कि सिर पर रखा कलश धरती पर गिरकर टूट गया। सारा दूध धरती पर



बिखर गया। इसके साथ ही किशोरी ग्वालिन के सारे सपने भी बिखरकर चूर-चूर हो गए। वह निराश होकर बैठ गई।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

मौलिक = मूलभूत (basic); अधिकार = हक कब्जा (right); त्योहार = पर्व (festival); कलश = घड़ा (pinnacle); गगरी = मटकी (pitcher); सपना = स्वप्न (dream); कल्पना = नई बात सोचना (imagination); सुंदर = खूबसूरत (beautiful); किशोरी = अल्पव्यस्क (young girl); निराश = हताश (upset); ग्वालिन = दूध बेचने वाली (milkwomen); इंकार = मना (reject); प्रस्ताव = अवसर (offer)।

## श्रुतलेख (Dictation)

मौलिक, कल्पना, ग्वालिन, अंडे, मुर्गी, प्रस्ताव, इंकार, चौपाल, त्योहार

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) सपना देखना किसका मौलिक अधिकार है?

(ख) किशोरी ग्वालिन दूध बेचने के लिए कहाँ जा रही थी?

(ग) क्या किशोरी ग्वालिन सपना देख रही थी?

## लिखित (Written)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(क) ग्वालिन चलते-चलते किसमें खो गई थी?

______________________

(ख) ग्वालिन पैसे कमाकर क्या खरीदना चाहती थी?

______________________

(ग) सिर हिलाने से ग्वालिन के साथ क्या घटना घटी?

______________________

2. **सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) क्या देखना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है?

सपना देखना ☐ गेम-शो देखना ☐ फिल्म देखना ☐

(ख) ग्वालिन की कैसी अवस्था थी?

अधेड़ ☐ बूढ़ी ☐ किशोर ☐

(ग) ग्वालिन शहर में क्या बेचने जा रही थी?

दही ☐ मट्ठा ☐ दूध ☐

3. **सही शब्द से खाली जगह भरो—**

कलश, खुली, सिर, दूध

(क) किशोरी ग्वालिन __________ से भरा कलश सिर पर रखकर जा रही थी।

(ख) चलते-चलते वह __________ आँखों से सपने देखने लग गई।

(ग) सोचते हुए किशोरी ग्वालिन ने __________ को जोर से हिला दिया।

(घ) __________ के टूटने से उसके सपने चूर-चूर हो गए।

4. **सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए—**

(क) सपना देखना प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। ☐

(ख) ग्वालिन दूध बेचकर उन पैसों से अंडे खरीदना चाहती थी। ☐

(ग) सारी दही धरती पर बिखर गई थी।

(घ) ग्वालिन बंद आँखों से सपने देखने लग गई थी।

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **नीचे दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए—**

(क) वियक्ति — ______ (ख) आंख — ______

(ग) सुदर — ______ (घ) पोसाक — ______

(ङ) गुवालिन — ______ (च) इकार — ______

2. **नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए—**

(क) सपना — ______ (ख) पोशाक — ______

(ग) युवक — ______ (घ) चौपाल — ______

(ङ) चूजा — ______ (च) आँख — ______

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **अपने किसी सपने के बारे में बताइए।**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **बच्चों, आपको भी सोते हुए सपने अवश्य आते होंगे। अपने सपनों के बारे में अपने सहपाठियों से भली-भाँति चर्चा कीजिए और पता लगाइए कि सपने कभी सत्य भी होते हैं या नहीं?**

## रचनात्मक गतिविधि

- **सरल वाक्य बनाइए–**

दूध → ______

आँखों → ______

सिर → ______

निराश → ______



## केवल पठन हेतु

# कुछ अच्छी आदतें

टॉफी खाना हर घड़ी, नहीं है अच्छा काम,
लगेंगे कीड़े दाँत में, बात है बिलकुल आम।



जूते-जुराबें साफ रखो, दोनों अपनी चीज,
बच्चे अच्छे काम कर, दिखाते हैं तमीज।



खेलो-कूदो शौक से, पढ़ने से मत भागो,
सोने का भी लो मजा, सुबह-सवेरे जागो।

दुश्मन के भी सामने, झूठ कभी न बोलो,
बात बड़ों ने है कही, तोल-मोल के बोलो।



झूठ हमेशा झूठ है, सच है सच्ची बात,
दिन को तुम दिन ही कहो, रात को समझो रात।

जब भी कोई काम करो, पूरा करके छोड़ो,
पत्थर हर कठिनाई का, धीरे-धीरे तोड़ो।






# सत्संगति 9

(कहानी)

चंदनगढ़ रियासत के महाराज प्रतापी राजा थे, उनके राज्य में चारों ओर सुख-समृद्धि थी, फिर भी अपने पुत्र की ओर से वे बड़े दुःखी थे। राजकुमार की शैतानियों ने सबकी नाक में दम कर रखा था। सामने तो कोई कुछ नहीं कहता परंतु पीठ पीछे सब राजकुमार की बुराई करते। राजा ने राजकुमार को समझाने का बहुत प्रयत्न किया परंतु सफल नहीं हुए। अंत में उन्होंने कुलगुरू से मिलने का निर्णय किया, वे उसी समय घोड़े पर सवार होकर उनके आश्रम को चल दिए। रास्ते में घना जंगल था। रात होने पर राजा ने एक पेड़ के नीचे रुकने का विचार किया। तभी एक तोता बोल उठा— "वाह वाह! क्या शिकार है? आज तो मनुष्य के मांस का स्वाद मिलेगा।"

राजा समझ गए कि यहाँ रुकना खतरे से खाली नहीं है, वे तभी वहाँ से चल पड़े। सुबह होते ही वे आश्रम पहुँच गए। तभी एक आवाज आई— "आश्रम में अतिथि का स्वागत है। श्रीमान! कहाँ से आ रहे हैं?"





राजा ने देखा आश्रम के द्वार पर बैठा एक तोता उनसे बात कर रहा था। राजा हैरान रह गए। उन्होंने कहा— "हे तोते! कल रात वन में भी मुझे एक तोते का स्वर सुनने को मिला, उसकी बातें मन में भय जगा देती थीं और तुम्हारी वाणी, अहा! क्या मिठास है शब्दों में।"

तोते ने उदास स्वर में कहा— "क्षमा करें महाराज! मेरा वह भाई डाकुओं के राजा के साथ रहता है इसीलिए वह ऐसी बातें करता है परंतु मैं ऋषि के आश्रम में रहता हूँ इसलिए इस दोष से मुक्त हूँ। राजन् संगति में बड़ी शक्ति है, जैसी संगति हो, प्राणी वैसा ही बन जाता है।"

राजा को समझते देर नहीं लगी, उन्होंने घर लौटकर राजकुमार की संगति को सुधारना आरंभ किया। कुछ ही समय में राजकुमार सबका प्रिय बन गया।

**शिक्षा :** अच्छी संगति मनुष्य को अच्छा आचरण सिखाती है।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

रियासत = राज्य विशेष (estate); अतिथि = मेहमान (guest); सुख-समृद्धि = सुख के लिए (comfort); स्वागत = किसी को प्रवेश करने के लिए बुलाना (welcome); दुःखी = उदास (sad); हैरान = आश्चर्यचकित (wonder); शैतानियाँ = नटखट (mischievous); स्वर = बोली (voice); प्रयत्न = प्रयास (effort); संगति = दल (company); शिकार = जिसका हरण किया जाए (prey)।

## श्रुतलेख (Dictation)

रियासत, समृद्धि, प्रयत्न, कुलगुरू, आश्रम, स्वागत, द्वार, वाणी, शब्द, ऋषि, शक्ति, मनुष्य

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) राजकुमार कैसा था?

(ख) राजा ने कुलगुरू से मिलने का निर्णय क्यों किया?

(ग) जंगल में पहले तोते ने राजा से क्या कहा?

## लिखित (Written)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**



(क) महाराज प्रतापी राजा कहाँ के राजा थे?

(ख) राजा क्यों दु:खी थे?

(ग) राजा किस कार्य में सफल नहीं हुए?

(घ) राजा ने आश्रम के द्वार पर किसे बैठे हुए देखा?

(ङ) अंत में राजकुमार सबका प्रिय कैसे बना?

2. **सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) राजकुमार की ____________ से सब परेशान थे।

हरकतों ☐ शैतानियों ☐ काम ☐

(ख) राजा ____________ पर सवार होकर कुलगुरू से मिलने गए।

रथ ☐ हाथी ☐ घोड़े ☐

(ग) जंगल में राजा को कौन मिला?

तोता ☐ घोड़ा ☐ शिकारी ☐

3. **सही शब्द से खाली जगह भरो—**

हैरान, संगति, दु:खी, आश्रम

(क) महाराज प्रतापी राजा अपने पुत्र से बड़े ____________ थे।

(ख) राजा घोड़े पर सवार होकर ____________ को चल दिए।

(ग) राजा तोते की आवाज सुनकर ____________ रह गए।

(घ) जैसी ____________ हो, प्राणी वैसा ही बन जाता है।

4. **सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए—**

(क) राजकुमार की शैतानियों ने सबकी नाक में दम कर रखा था। ☐

(ख) आश्रम जाते समय राजा के रास्ते में एक बड़ा महल पड़ा। ☐

(ग) राजा से आश्रम में एक तोता बात कर रहा था। ☐

(घ) पहले तोते के स्वर ने राजकुमार के मन में प्रसन्नता जगा दी थी। ☐

(ङ) अच्छी संगति ही मनुष्य को अच्छा आचरण सिखाती है। ☐

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **पढ़िए, समझिए और दो-दो शब्द लिखिए—**

न् + ह = न्ह — ____________ ____________

च् + च = च्च — ____________ ____________

स् + त = स्त — ____________ ____________

क् + य = क्य — ____________ ____________

2. **यह भी जानिए—**

(क) जहाँ पढ़ने जाते हैं — विद्यालय / पाठशाला

(ख) जो पढ़ाता / पढ़ाती है — अध्यापक / अध्यापिका

(ग) जो रोगी का इलाज करता है — डॉक्टर

(घ) जो सेना में काम करता है — सैनिक

3. **समान तुक वाले शब्द लिखिए—**

जाओ — ______ ______ ______

उड़ाओ— ______ ______ ______

राजा — ______ ______ ______

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **आपका आचरण आपके सहापाठी के साथ कैसा है? कक्षा में इस विषय पर चर्चा कीजिए।**

## रचनात्मक गतिविधि

- ‘संगति’ व ‘अच्छे आचरण’ आदि विषयों पर एक-एक निबंध लिखिए।



# प्यारा देश 10

(लेख)

भारत हमारा प्यारा देश है। बहुत पहले इसे 'आर्यावर्त' भी कहा जाता था। यहाँ भरत नाम के एक बलवान और निडर राजा हुए। उन्हीं के नाम पर इस देश का नाम भारत पड़ा।



हमारे देश के उत्तर में हिमालय पर्वत है। हिमालय भारत के सिर पर मुकुट की तरह है। यह पर्वत भारत का पहरेदार भी है। हिमालय से अनेक नदियाँ निकलती हैं। भारत के दक्षिण में हिंद महासागर है। यह महासागर दक्षिण में भारतमाता के चरण धोता है। यहाँ गंगा, यमुना, सतलुज, नर्मदा, ताप्ती, गोदावरी, कावेरी आदि नदियाँ बहती हैं। ये नदियाँ भारत की भूमि को अपने जल से सींचती हैं।

राम, कृष्ण, अशोक, शिवाजी आदि वीर राजाओं ने यहाँ राज किया। महात्मा बुद्ध, गुरु नानक, स्वामी दयानंद,

स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू आदि योग्य महापुरुषों ने देश की सेवा की। भारत के निवासी शांति और प्रेम का व्यवहार करते हैं। हिंदू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई सब यहाँ शांति से मिलकर रहते हैं। वे अपने पड़ोसी देशों से प्रेम और शांति का व्यवहार करना चाहते हैं।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

वीर = बहादुर (brave); चरण = पैर (feet); बचपन = बालपन (childhood); अनेक = बहुत-सी (many); पर्वत = पहाड़ (mountain); व्यवहार = बर्ताव (behave); योग्य = काबिल (able); निवासी = रहने वाले (living); बलवान = शक्तिशाली (powerful); पहरेदार = चौकीदार (watchman); प्रेम = प्यार (love); पड़ोसी = पड़ोस के (neighbourhood's)।

## श्रुतलेख (Dictation)

आर्यावर्त, दक्षिण, नर्मदा, ताप्ती, कावेरी, स्वामी, योग्य, महापुरूषो, ईसाई, सिक्ख

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) भारत के दक्षिण में कौन-सा महासागर है?

(ख) आप लोग किस देश में रहते हैं?

(ग) हमारे देश की रक्षा हिमालय किस रूप में करता है?

(घ) भारत माता के चरण कौन धोता है?



## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) हिंद महासागर भारत की किस दिशा में स्थित हैं?

(ख) भारत में बहने वाली किन्हीं तीन नदियों के नाम लिखिए।

______________________

(ग) भरत बचपन में कैसे थे?

______________________

## 2. सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—

(क) भारत को पहले जाना जाता था—

भारत ☐ नेपाल ☐ आर्यावर्त ☐

(ख) निम्न में से किस नदी को माँ कहा जाता है—

ताप्ती ☐ कावेरी ☐ गंगा ☐

(ग) हमारे देश के उत्तर में ________ पर्वत हैं—

हिमालय ☐ भरत ☐ राम ☐

## 3. सही शब्द से खाली जगह भरो—

प्यारा, अनेक, हिमालय, बलवान

(क) भरत ________ और निडर रहते थे।

(ख) हमारे देश के उत्तर में ________ पर्वत है।

(ग) हिमालय से ________ नदियाँ निकलती हैं।

(घ) भारत हमारा ________ देश है।



## 4. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) लगाओ—

(क) हिंद महासागर दक्षिण में भारतमाता के चरण धोता है। ☐

(ख) पड़ोसी देशों से हम अशांति का व्यवहार करना चाहते हैं। ☐

(ग) हमारे देश का नाम भारत राजा राम के नाम पर पड़ा। ☐

(घ) हिंदू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई सब यहाँ शांति से मिलकर रहते हैं। ☐

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **ठीक मात्रा वाले शब्द मिलाओ—**



| | |
|---|---|
| (क) ए की मात्रा ( े ) | (i) मुकुट |
| (ख) उ की मात्रा ( ु ) | (ii) नेहरू |
| (ग) औ की मात्रा ( ौ ) | (iii) भारत |
| (घ) ओ की मात्रा ( ो ) | (iv) पड़ोसी |
| (ङ) आ की मात्रा ( ा ) | (v) और |

2. **दिए गए शब्दों में ( र् ) व ( ्र ) का चिह्न लगाकर सही शब्द बनाओ;**
**जैसे –** धम + र् = धर्म

पवत — ____________  चंद — ____________

बतन — ____________  गह — ____________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- अपने से बड़ों की सहायता से भारत की पाँच नदियों के नाम लिखो।

## समूह कार्य (Group Discussion)


- कक्षा में सभी बच्चे समूह बनाकर शब्द अंत्याक्षरी खेलने का प्रयास कीजिए। शुरू हम कर देते हैं– माता – ताप्ती – तीसरा

## रचनात्मक गतिविधि

- अपने देश के किसी महापुरूष का चित्र लगाकर उनके बारे में 4 से 5 पंक्तियाँ लिखे।


# उँगलियों का कर्तव्य 11

(कहानी)



एक दिन हाथ की सभी उँगलियाँ आपस में लड़ने लगीं। अँगूठा बोला– ''मैं सबसे बड़ा हूँ। सभी जगह ज़रूरी कागज़ों पर मुझसे ही निशान बनाया जाता है।'' अँगूठे के साथ वाली उँगली बोली– ''मैं बड़ी हूँ। मेरे होने से ही सब लोग काम कर पाते हैं; जैसे– लिखना, खाना, पकड़ना आदि।''

बीच की सबसे बड़ी उँगली बोली– ''अरे भई! क्या तुम नहीं जानतीं? जो आकार में लंबा होता है, उसे ही सभी बड़ा कहते हैं।'' बड़ी उँगली के साथ वाली उँगली सब बातें चुपचाप सुन रही थी। वह तुरंत बोली– ''मैं सबसे बड़ी हूँ। मैं तो पूजा करने के भी काम आती हूँ। मेरे से ही रोली, तिलक लगाया जाता है।''



छोटी उँगली सभी को लड़ता देखकर उदास थी। वह

चुपचाप एक कोने में कुछ सोच रही थी। तभी अँगूठा व तीनों उँगलियाँ उसके पास गईं और बोलीं– ''अरे छोटी! तुम तो बड़ी हो ही नहीं सकती, क्योंं तुम्हारा नाम ही 'छोटी उँगली' है।''

छोटी उँगली बोली– ''सुनो अँगूठे भाई और प्यारी उँगलियो! आपस में लड़कर कभी किसी का भला नहीं होता। हममें से कोई भी बड़ा-छोटा नहीं है। हम सब मिलकर मुट्ठी बन सकते हैं। तभी हम सब बलवान होंगे। क्या तुम्हें नहीं मालूम की बंद मुट्ठी में ही ताकत होती है। इसलिए हमारा लड़ना बेकार है।''

छोटी उँगली की बात सुनकर सभी एक साथ बोले – ''हाँ, छोटी बहन! तुम बिलकुल ठीक कह रही हो। सचमुच अक्ल में तो तुम हम सबसे बड़ी हो।''

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

आपस में = साथ-साथ (together); ज़रूरी = आवश्यक (important); चुपचाप = शांत (silent); तुरंत = एकदम (at a time); काम = कार्य (work); उदास = दुखी (sad); भला = अच्छा (good); बलवान = ताकतवर (powerful); बेकार = व्यर्थ (waste); ताकत = शक्ति (power); सचमुच = वास्तव में (actual); अक्ल = बुद्धि (intelligency)।

## श्रुतलेख (Dictation)

उँगलियाँ, अँगूठा, लंबा, मुट्ठी, बलवान, अक्ल, चुपचाप, तिलक

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) बीच वाली उँगली किस में बड़ी थी?

(ख) ज़रूरी कागज़ों पर अँगूठे से क्या लगाया जाता है?

(ग) सारी उँगलियाँ मिलकर क्या बन सकती हैं?

## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) एक दिन हाथ की सभी उँगलियाँ किस बात पर लड़ रही थीं?

______________________

(ख) कौन-सी उँगली से रोली और तिलक लगाया जाता है?

______________________

(ग) छोटी उँगली सभी को लड़ता देखकर क्या हो गई थी?

______________________

2. **सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—**

(क) एक दिन सभी उँगलियाँ आपस में क्या करने लगीं?

लड़ने लगीं ☐ नाचने लगीं ☐ बातें करने लगीं ☐

(ख) ज़रूरी कागज़ों पर किससे निशान बनाया जाता है?

सबसे बड़ी उँगली से ☐

सबसे छोटी उँगली से ☐

अँगूठे से ☐



3. **सही शब्द से खाली जगह भरो—**

छोटी, अँगूठा, बंद

(क) ________ उँगली सभी को लड़ता देखकर उदास थी।

(ख) ________ व तीनों उँगलियाँ छोटी उँगली के पास गईं।

(ग) ________ मुट्ठी में ही ताकत होती है।

4. **सही कथन के सामने ( ✓ ) तथा गलत कथन के सामने ( ✗ ) लगाओ—**

(क) खुली मुट्ठी में ही ताकत होती है। ☐

(ख) सचमुच अक्ल में तो तुम ही सबसे बड़ी हो। ☐

(ग) बड़ी उँगली के साथ वाली उँगली कोई काम नहीं करती है। ☐

4. स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से मिलाओ—

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (क) ज़रूरी | (i) अच्छा |
| (ख) उदास | (ii) आवश्यक |
| (ग) अक्ल | (iii) दुखी |
| (घ) भला | (iv) बुद्धि |

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. सही शब्द पर ( ✓ ) लगाइए—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्योंकि | ☐ | मुट्ठि | ☐ | उँगलि | ☐ | अक्ल | ☐ |
| अगूठा | ☐ | अँगूठा | ☐ | लबा | ☐ | लंबा | ☐ |

2. दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए—

ज़रूरी — ____________ उदास — ____________

काम — ____________ चुपचाप — ____________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

## समूह कार्य (Group Discussion)

- कक्षा में अपने सहपाठियों के साथ शिक्षक/शिक्षिका की उपस्थिति में चर्चा कीजिए कि आपको क्या-क्या खाना पसंद है?

## रचनात्मक गतिविधि

- ऐसे दो खेलों के नाम लिखिए, जो उँगलियों की सहायता से ही खेले जाते है।



# जन्मदिन का उपहार 12

(लेख)

आज नीता का जन्मदिन है। सुबह-सुबह उठकर नीता माँ की गोदी में बैठ गई। माँ ने उसे प्यार किया और जन्मदिन की बधाई दी। एक सुदंर-सी फ्रॉक पहनाकर माँ ने उसे तैयार कर दिया। नई फ्रॉक पहनकर नीता बहुत खुश हुई। तभी पापा और श्याम भईया आ गया।



पापा ने कहा— ''जन्मदिन की बधाई हो नीता, यह लो तुम्हारा उपहार!''

श्याम के हाथ में एक डलिया थी। डलिया में सफेद रंग का एक छोटा-सा पिल्ला कूँ-कूँ-कूँ कर रहा था।

अरे वाह!

नीता खुशी से उछलने लगी। उसने पिल्ला गोद में उठा लिया। वह रुई की तरह मुलायम था।

डलिया में जन्मदिन का एक कार्ड भी था। यह कार्ड श्याम भैया ने बनाया था

पापा ने पूछा— "अपने इस नन्हे साथी का नाम क्या रखोगी?"

श्याम और नीता एक साथ बोले— "काजू।"



पापा हँसकर बोले— "बहुत बढ़िया।"

शाम को काजू को अपने मित्रों से भी मिलवा देना। माँ नीता से बोलीं— "चलो, नाश्ता तैयार है। काजू को डलिया में बैठा दो। फिर हाथ धो लो।"

नीता बोली— "माँ, काजू को भी भूख लगी है। उसके लिए भी कुछ दो।" माँ ने काजू के लिए एक कटोरे में दूध दिया। नीता और श्याम ने काजू को दूध पिलाया। दूध पीकर काजू डलिया में आराम से सो गया।

सबने मिलकर सूजी का हलवा और ढोकला खाया। नीता अपने जन्मदिन का उपहार पाकर बहुत खुश थी।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

बधाई = अभिनंदन (Congratulation); डलिया = बाँस का बना एक पात्र (Bamboo basket); कार्ड = निमंत्रण पत्र (Invitation Card); पिल्ला = कुत्ते का बच्चा (Puppy); मुलायम = कोमल (Soft); नन्हें = छोटा (Small)।

## श्रुतलेख (Dictation)

फ्रॉक, जन्मदिन, भईया, रुई, ढोकला, नाश्ता, पिल्ला

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)



- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) श्याम के हाथ में क्या था?

(ख) पिल्ला कैसा था?

(ग) पिल्ले का क्या नाम रखा गया?

(घ) सबने नाश्ते में क्या-क्या खाया?

## लिखित (Written)

1. **इनके एक-एक शब्द पाठ से चुनकर लिखिए—**

ड ____________ रू ____________ पि ____________

2. **नीता काजू की देखभाल कैसे करेगी? बताइए—**

(क) काजू को रोज घुमाने ले जाएगी

(ख) काजू को अपने साथ स्कूल ले जाएगी।

(ग) काजू को साफ-सुथरा रखेगी।

(घ) समय से खाना-पीना देगी।

3. **आप आपने जन्मदिन की दावत में खाने के लिए क्या-क्या रखेंगे? उनके नाम लिखिए—**

____________ ____________ ____________

____________ ____________

4. **अपने पाँच मित्रों के नाम लिखिए–**

____________ ____________ ____________

____________ ____________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **अपने बारे में लिखिए–**

(क) आप सुबह कितने बजे उठते हैं?

______________________________

(ख) आप नाश्ते में क्या-क्या खाते हैं?

______________________________

(ग) आप स्कूल कैसे जाते हैं?

______________________________

(घ) अपने घर का पता लिखिए—

______________________________

______________________________

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **आप अपने जन्मदिन पर क्या-क्या करना चाहते है? अपने सहपाठी के साथ चर्चा कीजिए।**

## रचनात्मक गतिविधि

- **आप अपने जन्मदिन पर उपहार में क्या लेना चाहेंगे? चित्र बनाकर दिखाइए–**



# सब्जियों का महत्त्व 13
(संवाद)

(**पात्र :** रेखा, दीपा, कंचन, रोहित, दीपक)
(स्कूल की आधी छुट्टी का समय)

रेखा – चलो दीपा खाना खा लें।

दीपा – मुझे भूख नहीं लग रही है।

रेखा – (हैरानी से) पर क्यों? क्या हुआ तुम्हें?

दीपा – माँ ने आज मुझे लौकी की सब्ज़ी दी है। आज मैं खाना नहीं खाऊँगी।

रोहित – पर दीपा, मेरी माँ कहती हैं कि खाने से हमें ताकत मिलती है। यदि हम खाना नहीं खाएँगे तो कमज़ोर पड़ जाएँगे।

रेखा – हाँ दीपा, देखो मेरी माँ ने आज पालक की सब्ज़ी भेजी है। माँ कहती हैं, हमें सभी सब्ज़ियाँ खानी चाहिए। ये हमें बीमारियों से दूर रखती हैं।



कंचन – मैं शलजम की सब्ज़ी लाई हूँ।

रोहित – मैं फूलगोभी की सब्ज़ी लाया हूँ।

दीपक – मैं तो सभी सब्ज़ियाँ को मिलाकर बनाई हुई सब्ज़ी लाया हूँ। मुझे यह पसंद नहीं है। फिर भी मैं इसे खा लेता हूँ। तुम भी लौकी की सब्ज़ी खाकर देखो।

रेखा – हाँ-हाँ चलो, खाना खाएँ।

(सभी एक साथ बैठकर खाना खाते हैं।)

दीपा – मुझे तो सब्ज़ियाँ खाना बिल्कुल पसंद नहीं। बर्गर, चाऊमीन खाने में ही मज़ा आता है।

कंचन – मुझे तो चाट-पकौड़ी खाना अच्छा लगता है।

सभी बच्चे – (एक साथ) यह सब खाना तो हमें भी पसंद है।

रोहित – पर सब्ज़ियाँ हमें रोज़ खानी चाहिए और ये सब चीज़ें कभी-कभी। ये हमें सिर्फ़ स्वाद देती हैं, ताकत नहीं।

कंचन – मेरी माँ कहती हैं कि घर में बना भोजन साफ़ और ताकतवर होता है।

दीपा – हाँ, कंचन तुम बिलकुल ठीक कह रही हो।

सभी बच्चे – (एक साथ) सब्ज़ियाँ हमें बीमारियों से दूर रखती हैं।



## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

स्कूल = पाठशाला (school); ताकत = ऊर्जा, शक्ति (energy, power); खाना = भोजन (food); कमज़ोर = दुर्बल (weak); हैरानी = अचंभा (astonish); पसंद = अच्छा (like); स्वाद = जायका (taste); सिर्फ़ = केवल (only)।

## श्रुतलेख (Dictation)

सब्ज़ियाँ, फूलगोभी, पकौड़ी, बीमारियाँ, चाऊमीन, स्वाद, बर्गर, लौकी

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) रेखा ने दीपा से क्या खाने के लिए कहा?

(ख) कंचन किसकी सब्ज़ी लेकर आई थी?

(ग) "मुझे तो चाट-पकौड़ी अच्छी लगती है।" किसने कहा?

(घ) दीपा को क्या चीज़ खाने में मज़ा आता है?



## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) दीपा ने रेखा से क्या कहा?

_______________________________________________

(ख) हम खाना नहीं खाएँगे तो क्या होगा?

_______________________________________________

(ग) रेखा की माँ ने रेखा को कौन-सी सब्ज़ी लेकर स्कूल भेजा है?

_______________________________________________

## 2. सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—

(क) भूख किसे नहीं लग रही थी?

| | | | |
|---|---|---|---|
| रेखा को | ☐ | कंचन को | ☐ |
| दीपा को | ☐ | कोई नहीं | ☐ |

(ख) रेखा खाने में क्या लाई थी?

| | | | |
|---|---|---|---|
| पालक की सब्ज़ी | ☐ | शलजम की सब्ज़ी | ☐ |
| लौकी की सब्ज़ी | ☐ | कोई नहीं | ☐ |

(ग) फूलगोभी की सब्ज़ी कौन लाया था?

| | | | |
|---|---|---|---|
| कंचन | ☐ | रोहित | ☐ |
| दीपक | ☐ | कोई नहीं | ☐ |

## 3. सही शब्द से खाली जगह भरो—

लौकी, ताकत, सब्ज़ियाँ, रोज़ सब्ज़ियाँ,

(क) खाने से हमें ________ मिलती है।

(ख) दीपा आज ________ की सब्ज़ी लाई है।

(ग) ________ हमें बीमारियों से दूर रखती हैं।

(घ) मुझे तो ________ खाना बिलकुल पसंद नहीं।

(ङ) हमें सब्ज़ियाँ ________ खानी चाहिए।

## 4. स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से मिलाओ—

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (क) कंचन | (i) फूलगोभी की सब्ज़ी |
| (ख) दीपक | (ii) शलजम की सब्ज़ी |
| (ग) दीपा | (iii) मिली-जुली सब्ज़ी |
| (घ) रेखा | (iv) लौकी की सब्ज़ी |
| (ङ) रोहित | (v) पालक की सब्ज़ी |

4. **सही कथन के सामने ( ✓ ) तथा गलत कथन के सामने ( ✗ ) लगाओ—**

(क) दीपा आलू की सब्ज़ी लाई है। ☐

(ख) रेखा पालक की सब्ज़ी लाई है। ☐

(ग) कंचन फूलगोभी की सब्ज़ी लाई है। ☐

(घ) दीपा को चाऊमीन खाने में बड़ा मज़ा आता है। ☐

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखो—**

(क) छुट्टी — ____________ (ख) पकौड़ी — ____________

(ग) सब्ज़ी — ____________ (घ) रोटी — ____________

2. **दिए गए शुद्ध शब्द पर ( ✓ ) लगाओ—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | कया ☐ | कीया ☐ | क्या ☐ | काय ☐ |
| (ख) | स्वाद ☐ | सुआद ☐ | सुवाद ☐ | सवाद ☐ |
| (ग) | सिरफ़ ☐ | सीरफ़ ☐ | सिफ़र ☐ | सिर्फ़ ☐ |

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **सब्ज़ियों का राजा आलू को माना जाता है। आलू ज़मीन के नीचे होता है। ज़मीन के नीचे उगने वाली अन्य सब्ज़ियों का पता लगाइए तथा उसकी कक्षा में अपने सहपाठियों के समक्ष चर्चा कीजिए।**


## रचनात्मक गतिविधि

- **सप्ताह के सभी दिन अलग-अलग सब्ज़ियों का सेवन कीजिए और पता लगाइए कि कौन-सी सब्ज़ी आँखों के लिए अच्छी होती है? लिखिए।**



# नभ के पिंड 14

(कविता)



किसी खुली-सी जगह खड़े हो
ऊपर को तुम नजर घुमाओ।
दूर-दूर तक नीले रंग का
खाली-सा स्थान इक पाओ।
दूरी के कारण यह नीला
'नभ', 'आकाश' इसी को कहते।
सूरज, चंदा और सितारे
मिल-जुलकर सब इसमें रहते।
दिन का मालिक सूरज होता
रातों के हैं चाँद-सितारे।
खूब रोशनी लुटा-लुटाकर
दुनिया में कहलाते प्यारे।
सूरज मध्य सौरमंडल के
स्थित सबसे बड़ा सदस्य है।
तेरह लाख गुना पृथ्वी से
बड़ा बना, कैसा रहस्य है?
साढ़े आठ मिनट में किरणें
सूरज से धरती पर आतीं।
जबकि शेष तारों से किरणें
कई वर्ष में हैं आ पातीं।
'ग्रह' तारों से बहुत भिन्न हैं

ये पिंड प्रकाशहीन कहलाते।
सूरज की कर ग्रहण रोशनी
चम-चम-चम-चम चमक लुटाते।

-घमंडीलाल अग्रवाल

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

नजर = देखना (glare); भिन्न = अलग (discrete); मालिक = स्वामी (owner); गुना = गुणन करना (multiplication); मध्य = बीच (middle); रहस्य = भेद (mystery); सौरमंडल = ग्रहों, उपग्रहों का समूह (the solar system); पिंड = ठोस गोले (object); सदस्य = सभा या संस्था से संबंध रखने वाला व्यक्ति (member); प्रकाशहीन = रोशनी के बिना (without light); ग्रहण = प्राप्त करना, पाकर (eclipse)।

## श्रुतलेख (Dictation)

सूरज, सौरमंडल, रहस्य, ग्रह, भिन्न, स्थित, पिंड, प्रकाशहीन, ग्रहण, किरणें

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) ऊपर की ओर नजर घुमाने पर तुम्हें क्या दिखाई देता है?

(ख) आसमान में मिल-जुलकर कौन रहता है?

(ग) रात के मालिक कौन हैं?



## लिखित (Written)

1. **सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) आसमान के पर्यायवाची शब्द कौन-से हैं?

सूर्य, सूरज, रवि ☐ आकाश, नभ, गगन ☐ शशि, चंद्र, चारू ☐

(ख) 'खाली-सा स्थान' का क्या अर्थ है?

सूरज ☐ धरती ☐ आकाश ☐

(ग) सूरज की किरणें धरती पर आने के लिए कितना समय लगाती हैं?

आठ मिनट ☐ साढ़े आठ मिनट ☐ सवा आठ मिनट ☐

## 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) आसमान में कौन रोशनी लुटाता है?

(ख) आसमान पर हम क्या-क्या देखते हैं?

(ग) सौरमंडल का सबसे बड़ा सदस्य कौन है?

(घ) पृथ्वी से सूरज कितना बड़ा है?

(ङ) ग्रहों और तारों में क्या अंतर है?

## 3. कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

दूरी के कारण यह नीला
'नभ', 'आकाश' इसी को कहते।
सूरज, चंदा और सितारे
मिल-जुलकर सब इसमें रहते।
दिन का मालिक सूरज होता
रातों के हैं चाँद-सितारे।
खूब रोशनी लुटा-लुटाकर
दुनिया में कहलाते प्यारे।



(क) आकाश नीला क्यों दिखाई देता है?

_______________

(ख) दिन का मालिक कौन है?

_______________

(ग) आकाश में कौन मिल-जुलकर रहता है?

_______________

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम का संबंध, वाक्य में आए, अन्य शब्दों के साथ बताते हैं, उन्हें संबंधबोधक कहते हैं। जैसे–**

**नीचे दिए गए वाक्यों में संबंधबोधक शब्दों पर गोला ◯ लगाइए—**

(क) मेज के नीचे खिलौना है।

(ख) मेरे घर के सामने मैदान है।

(ग) विद्यालय के पास बहुत से पेड़-पौधे हैं।

2. **नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों मे प्रयोग कीजिए—**

(क) ग्रह — ____________________

(ख) मालिक — ____________________

(ग) रोशनी — ____________________

3. **नीचे दिए गए शब्दों के सही विलोम पर (✓) लगाइए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) मालिक | — | ☐ मालकिन | ☐ नौकर | ☐ दास |
| (ख) दूर | — | ☐ पास | ☐ दूरी | ☐ ऊँचा |
| (ग) आकाश | — | ☐ नभ | ☐ गगन | ☐ धरती |

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **सौरमंडल के सभी ग्रहों के नाम बताइए।**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **विज्ञान भवन या नेहरू प्लेनेटोरियम के माध्यम से ग्रहों, नक्षत्रों के बारे में जानकारियाँ एकत्रित कीजिए।**

## रचनात्मक गतिविधि

- **मंगल ग्रह के बारे में इंटरनेट से ढूँढकर पढ़िए और एक प्रेजेंटेशन तैयार कीजिए।**



# 15 बुद्धिमान सियार
(कहानी)

एक घने जंगल में एक शेर रहता था। वह बहुत भूखा था। उसे दो दिन से कोई शिकार नहीं मिला था। घूमते-घूमते उसे एक गुफा दिखाई दी। वह गुफा में घुसकर चुपचाप बैठ गया। उसने सोचा जब इस गुफा में रहने वाला जानवर वापस आएगा तब मैं उसे मारकर खा लूँगा।

कुछ देर बाद सियार अपनी गुफा में लौटा। उसने गुफा के बाहर शेर के पंजों के निशान देखे। वह समझ गया कि शेर गुफा के अंदर बैठा है। उसने एक चाल चली। उसने बाहर से पुकारा— "ऐ गुफा! मैं आ गया हूँ। आज तुमने 'आइए सियार जी' कहकर मेरा स्वागत नहीं किया ?"

गुफा में बैठे शेर ने सोचा कि सचमुच यह गुफा रोज बोलती होगी। ऐसा न हो कि सियार वापस चला जाए।



वह गुफा के अंदर से बोला— "आइए सियार जी! आपका स्वागत है।"

जैसे ही सियार ने शेर की आवाज सुनी। वह वहाँ से जान बचाकर भाग गया। शेर गुफा में इंतजार ही करता रह गया।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

जंगल = वन (forest); भूखा = बिना कुछ खाए (hungry); चुपचाप = शांत (silence); गुफा = गुहा (cave); इंतजार = प्रतीक्षा (wait)।

## श्रुतलेख (Dictation)

जंगल, भूखा, शिकार, सियार, स्वागत, इंतजार

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—**

(क) जंगल में कौन रहता था?

(ख) कुछ देर बाद अपनी गुफा में कौन लौटा?

(ग) सियार ने गुफा से क्या कहा?



## लिखित (Written)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(क) किसे दो दिन से कोई शिकार नहीं मिला था?

_______________________________________________

(ख) शेर ने गुफा में छिपकर क्या सोचा?

_______________________________________________

(ग) दोनों जानवरों में से बुद्धिमान कौन था?

______________________

## 2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—

(क) शेर ____________ में रहता था।

मैदान ☐ जंगल ☐ गुफा ☐

(ख) सियार ने गुफा के बाहर शेर के ____________ के निशान देखे।

हाथों ☐ नाखूनों ☐ पंजों ☐

(ग) ____________ ने सोचा कि सचमुच गुफा रोज बोलती होगी।

सियार ☐ शेर ☐ दोनों ☐

## 3. किसने, किससे कहा?

(क) ''ऐ गुफा! मैं आ गया हूँ।'' ____________ ____________

(ख) ''आइए सियार जी।'' ____________ ____________

(ग) ''आपका स्वागत है।'' ____________ ____________

## 4. सही वाक्य के सामने ( ✓ ) तथा गलत के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए—

(क) शेर बहुत भूखा था। ☐

(ख) शेर समझ गया था कि सियार गुफा के अंदर बैठा है। ☐

(ग) सियार वहाँ से जान बचाकर भाग गया था। ☐



## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

## 1. विलोम शब्द लिखिए—

(क) आगे – ____________ (ख) दाएँ – ____________

(ग) अमृत — ____________ (घ) लड़का — ____________

(ङ) काला — ____________ (च) खुश — ____________

2. **समान तुक वाले एक-एक शब्द लिखिए—**

(क) नीले — ____________ (ख) काम — ____________

(ग) फूल — ____________ (घ) छोटा — ____________

(ङ) घर — ____________ (च) राजा — ____________

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

## समूह कार्य (Group Discussion)

- जानवरों पर आधारित कोई दो चित्र कथाएँ पढ़ें तथा उन कथाओं का अपनी कक्षा में सस्वर वाचन करें।

## रचनात्मक गतिविधि

- शेर की कोई और कहानी अपने शब्दों में लिखिए।

______________________________


______________________________

______________________________


______________________________

# तेनाली का उपहार 16

(कहानी)



तेनालीराम विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय के दरबार में विदूषक था। वह अक्सर अपनी बुद्धिमत्ता और हाज़िर जवाबी से राजा का मनोरंजन किया करता था। एक दिन राजा तेनालीराम के किसी उत्तर से बहुत प्रसन्न हुए। उस दिन वे तेनालीराम से इतना प्रसन्न हुए कि वे कोई पुरस्कार या उपहार देकर तेनाली के प्रति अपनी प्रसन्नता को प्रकट करना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने तेनाली से कहा, "तेनाली! मैं तुम्हारे उत्तर से बहुत प्रसन्न हूँ और तुम्हें उपहार स्वरूप राजधानी के उत्तर में स्थित एक नगर देता हूँ।"



तेनाली ने खुशी-खुशी राजा का उपहार स्वीकार कर लिया। लेकिन कई दिन गुज़र जाने के बाद भी तेनाली को वह नगर सौंपने की कागज़ी कार्यवाही प्रारम्भ नहीं हुई। राजा शायद स्वयं द्वारा की गई उस घोषणा को भूल गए थे। जब राजा ने काफ़ी समय तक उस दिन की घोषणा की चर्चा नहीं की, तो तेनाली को पूरा विश्वास हो गया कि अवश्य ही राजा अपनी घोषणा को भूल चुके हैं। अब वह हमेशा इसी उधेड़-बुन में रहता कि किस तरह राजा को उनकी घोषणा की याद दिलाई जाए। इसके लिए तेनाली किसी उपयुक्त अवसर की तलाश में रहने लगा।

कुछ दिन बाद विजयनगर में अरब का एक निवासी आया। उसके काफ़िले में घोड़ों-टट्टुओं के अलावा एक ऊँट भी था। विजयनगर के निवासियों ने इससे पहले



कभी ऊँट नहीं देखा था। अतः वे सभी ऊँट को देखने के लिए उसके शिविर में पहुँच गए। सभी लोग ऊँट को देखकर हैरान हो रहे थे। वे उसके बारे में तरह-तरह की बातें भी कर रहे थे। इधर जब यह सूचना राजा तक पहुँची तो वह भी ऊँट देखने के लिए बेचैन हो उठे। उन्होंने व्यापारी को ऊँट के साथ अपने राजमहल में बुलवाया। व्यापारी अपने ऊँट को लेकर राजमहल के प्रांगण में आ गया। उस समय तेनालीराम भी वहीं पर था। सभी दरबारी ऊँट की लम्बी गरदन और कूबड़ तथा पैरों के विषय में अपनी-अपनी टिप्पणी करने लगे। यह देखकर राजा ने भी कहा, "मुझे तो आश्चर्य है कि ईश्वर ने यह अजीब प्रकार का प्राणी बनाया ही क्यों है?"

तेनाली ने मौका भाँपकर तुरन्त टिप्पणी की, "महाराज, मुझे तो लगता है कि यह ऊँट पूर्व जन्म में कोई राजा रहा होगा और इसने किसी दरबारी से किया अपना वादा पूरा नहीं किया होगा। इसीलिए ईश्वर ने इसे यह आकार दे दिया होगा।" तेनाली ने यह बात कहकर परोक्ष रूप से राजा को उनका वादा याद दिला दिया। तेनाली की यह बात सुनते ही राजा कृष्णदेव राय तुरन्त समझ गए कि तेनाली क्या कहना चाह रहा है। तब उन्हें अपनी गलती का बोध हुआ। अपनी गलती को सुधारते हुए उन्होंने तुरन्त तेनाली को वह नगर सौंपने का लिखित आदेश जारी कर दिया।

## शब्द-पिटारा (Word-Meanings)

विदूषक = विनोदपूर्ण बातें करके हँसाने वाला (jester); पुरस्कार = इनाम (reward); कार्यवाही = काम की प्रक्रिया (proceeding); अजीब = अनोखा (strange); परोक्ष = अप्रत्यक्ष (secretly); बोध = एहसास (feeling)।

## श्रुतलेख (Dictation)

विदूषक, बुद्धिमत्ता, स्वरूप, कार्यवाही, उधेड़-बुन, टिप्पणी, टट्टुओं, प्रांगण, घोषणा

# अभ्यास (Exercises)

## मौखिक (Oral)

- **इन प्रश्नों के उत्तर दो—**



(क) राजा कृष्णदेवराय के दरबार में विदूषक कौन था?

(ख) राजा ने प्रसन्न होकर तेनालीराम को क्या दिया?

(ग) तेनालीराम किसकी तलाश में लग गया?

(घ) विजयनगर में कौन आया था?

(ङ) विजयनगर के लोग क्या देखकर हैरान थे?

## लिखित (Written)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) कृष्णदेवराय के दरबार में तेनालीराम क्या करता था?

_______________________________________________

(ख) राजा ने उपहार स्वरूप तेनालीराम को क्या दिया?

_______________________________________________

(ग) विजयनगर में व्यापारी कहाँ से आया था?

_______________________________________________

(घ) राजा ने व्यापारी को महल में क्यों बुलाया?

_______________________________________________

2. **सही उत्तर के सामने सही का निशान ( ✓ ) लगाओ—**

(क) तेनालीराम कृष्णदेवराय के दरबार में था–

मन्त्री ☐ सेनापति ☐ विदूषक ☐

(ख) कृष्णदेवराय ने तेनालीराम को उपहार स्वरूप दिया–

एक नगर ☐ सौ स्वर्ण मुद्राएँ ☐ एक गाँव ☐

(ग) कृष्णदेवराय उपहार की घोषणा करके–

सो गए ☐ भूल गए ☐ नाराज़ हो गए ☐

(घ) काफिले में टट्टुओं के अलावा था–

एक हाथी ☐ एक घोड़ा ☐ एक ऊँट ☐

**3. सही कथन पर ( ✓ ) का तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए—**

(क) राजा तेनालीराम को पसन्द नहीं करता था। ☐

(ख) राजा ने तेनालीराम को एक नगर देने की घोषणा की। ☐

(ग) ऊँट को देखकर विजयनगर के निवासी खुश थे। ☐

(घ) तेनालीराम ने भी मौका देखकर ऊँट के बारे में टिप्पणी की। ☐

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समान अर्थ वाले ‘पर्यायवाची’ शब्द लिखिए—**

(क) प्रश्न ____________ ____________

(ख) घोड़ा ____________ ____________

(ग) ऊँट ____________ ____________

(घ) नगर ____________ ____________



**5. सही मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) विदूषक | (i) जो सामने न हो |
| (ख) पुरस्कार | (ii) प्रक्रिया |
| (ग) कार्यवाही | (iii) विनोदपूर्ण बातें करके हँसाने वाला |
| (घ) अजीब | (iv) ईनाम |
| (ङ) परोक्ष | (v) अनोखा |

## भाषा-ज्ञान (Language Knowledge)

1. **दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए—**

(क) बेटी — ____________ (ख) वीर — ____________

(ग) माता — ____________ (घ) गुरु — ____________

(ङ) बहन — ____________ (च) अध्यापक — ____________

2. **दिए गए शब्दों को संबन्धित शब्द से मिलाइए—**

| | |
|---|---|
| (क) नोटों की | (i) छत्ता |
| (ख) सेना की | (ii) गुलदस्ता |
| (ग) मधुमक्खियों का | (iii) गड्डी |
| (घ) लकड़ियों का | (iv) टुकड़ी |
| (ङ) फूलों का | (v) गट्ठर |

## आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking)

- **इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है।**

## समूह कार्य (Group Discussion)

- **क्या आपने भी कभी कोई वादा किया है जिसे आप पूरा करना भूल गए? अपने भाई-बहन के साथ चर्चा कीजिए।**

## रचनात्मक गतिविधि

- **नीचे लिखे अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–**

(क) बुद्धिमता ____________ (ङ) कुवड ____________

(ख) घोंषणा ____________ (च) पुरवजनम ____________

(ग) दर्बारी ____________ (छ) परोक्श ____________

(घ) उट ____________ (ज) टिप्पणि ____________



## केवल पठन हेतु

# खरगोश की पूँछ




जंगल में रहने वाले सभी पशुओं की पूँछ बहुत सुंदर थी। चुनमुन बंदर की पूँछ लंबी थी। चुटकी लोमड़ी की पूँछ भी लंबी और घने बालों वाली थी। चंपत चीते की भी धारीदार, लंबी व सुंदर पूँछ थी। बंकू खरगोश चाहता था कि उसकी पूँछ लंबी हो।

बंकू एक छोटा खरगोश था। उसके बहुत सुंदर सफेद रोएँ थे। उसके दो खूबसूरत लंबे कान थे। उसकी आँखें चमकदार थीं, पर बंकू फिर भी खुश नहीं था। उसे अपनी पूँछ बिलकुल पसंद नहीं थी।

चुन्नू कौवे ने चुनमुन बंदर से कहा— ''चुनमुन चलो बंकू के लिए नई पूँछ का इंतजाम करते हैं।'' 'चलो', कहकर चुनमुन चुन्नू के साथ गाँव की ओर चला गया।

गाँव में उन्हें रस्सी का एक टुकड़ा मिला। वे उसे उठाकर ले आए। उन्होंने उसे



बंकू की पूँछ में बाँध दिया। अब बंकू बहुत खुश था।

अब उसके पास लंबी पूँछ जो थी। बंकू ने चुन्नू और चुनमुन को धन्यवाद दिया। वह अपनी लंबी पूँछ हिलाता हुआ जंगल में इधर-उधर उछलने-कूदने लगा।



"ओह! यह क्या हुआ? मेरी पूँछ कहाँ फँस गई?" बंकू ने दर्द से चीखते हुए पीछे देखा। बंकू की पूँछ झाड़ियों में उलझ गई थी। उसे समझ नहीं आ रहा था, वह क्या करे? वह रोने लगा।

वहीं पास में मिंटू चूहा रहता था। उसने बंकू के रोने की आवाज सुनी। वह बिल से बाहर आया। बंकू की पूँछ झाड़ियों में फँसी देख मिंटू चूहे ने रस्सी कुतर दी। अब बंकू समझ गया कि उसकी छोटी पूँछ ही सबसे अच्छी है।



# प्रश्न-पत्र (Test-Paper) – I

**समयः 1 घंटा** **अंक-40**

**1. सही विकल्प पर (3) लगाइए—**

(क) नदी की आदत है—

गाते रहना ☐ बहते रहना ☐ चलते रहना ☐

(ख) मेंढ़क रहता था—

घोसले में ☐ पत्थर के नीचे ☐ बिल में ☐

(ग) बंदर होते हैं—

नकलची ☐ सौदागर ☐ मोटे ☐

(घ) सभी पशु-पक्षी कैसे थे?

बीमार ☐ प्यासे ☐ खुश ☐

(ङ) झूला किसका लगा है?

अम्मा का ☐ बहन का ☐ भाई का ☐

**2. सही शब्द से खाली जगह भरो—**

(क) परी को उसे __________ देना ही होगा।

(ख) सोचते हुए किशोरी ग्वालिन ने __________ को जोर से हिला दिया।

(ग) चूहा अपने __________ से बाहर आया।

(घ) सौदागर के पास टोपियों से भरा __________ था।

(ङ) तोते ने __________ डालकर मज़े से पानी पिया।

**3. सही वाक्य के सामने (3) तथा गलत वाक्य के सामने (7) लगाओ—**

(क) ग्वालिन बंद आंखों से सपने देखने लग गई थी। ☐

(ख) मोहित ने नानी से कविता सुनाने के लिए कहा। ☐

(ग) बच्चे का मन उड़कर बूंदों को लूटने का करता है। ☐

(घ) औरतें कूप से पानी भर रही थीं। ☐

(ङ) वृक्ष के ऊपर कुछ कौए बैठे थे। ☐

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(क) अँधेरा कब होता है?

_______________

(ख) जब नदी में नौका चलती है तो उसे कैसा लगता है?

_______________

(ग) चूहे को किस बात पर गुस्सा आ गया?

_______________

(घ) सौदागर ने किस प्रकार सारी टोपियाँ इकट्ठी की?

_______________

(ङ) सिर हिलाने से ग्वालिन के साथ क्या घटना घटी?

_______________

5. **निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**

धरती — _______ _______

वायु — _______ _______

समुद्र — _______ _______

सूर्य — _______ _______



6. **नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए—**

सपना — _______ पोशाक — _______

युवक — _______ चौपाल — _______

चूजा — _______ आँख — _______

7. **दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए—**

राजा — _______ नाना — _______

भाई — _______ छात्र — _______

# प्रश्न-पत्र (Test-Paper) – II

**समयः** 1 घंटा **अंक-40**

**1. सही विकल्प पर (3) लगाइए—**

(क) राजकुमार की ________ से सब परेशान थे।

हरकतों ☐ शैतानियां ☐ काम ☐

(ख) हमारे देश के उत्तर में पर्वत है।

हिमालय ☐ भरत ☐ राम ☐

(ग) भूख किसे नहीं लग रही थी?

रेखा को ☐ कंचन को ☐ दीपा को ☐

(घ) ________ ने सोचा कि सचमुच गुफा रोज बोलती होगी।

सीयार ☐ शेर ☐ दोना ☐

(ङ) ऊँट पूर्व जन्म में रहा होगा।

मंत्री ☐ विदूषक ☐ राजा ☐

**2. सही शब्द से खाली जगह भरो—**

(क) दीपा आज ________ की सब्जी लाई है।

(ख) ________ उँगली सभी को लड़ता देखकर उदास थी।

(ग) हिमालय से ________ नदियाँ निकलती हैं।

(घ) राजा तोते की आवाज सुनकर ________ रह गए।

(ङ) हमें सब्जियाँ ________ खानी चाहिए।

**3. सही वाक्य के सामने (3) तथा गलत वाक्य के सामने (7) लगाओ—**

(क) आश्रम जाते समय राजा के रास्ते में एक बड़ा महल पड़ा। ☐

(ख) पड़ोसी देशों से हम अशांति का व्यवहार करना चाहते हैं। ☐

(ग) सचमुच अक्ल में तो तुम ही सबसे बड़ी हो। ☐

(घ) रेखा पालक की सब्ज़ी लाई है। ☐

(ङ) शेर बहुत भूखा था। ☐

## 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) किसे दो दिन से कोई शिकार नहीं मिला था?

______________________________

(ख) राजा ने उपहार स्वरूप तेनालीराम को क्या दिया?

______________________________

(ग) सौरमंडल का सबसे बड़ा सदस्य कौन है?

______________________________

(घ) हम खाना नहीं खाएँगे तो क्या होगा?

______________________________

(ङ) कौन-सी उगँली से रोली और तिलक लगाया जाता है?

______________________________

## 5. दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए—

जरूरी — ____________ उदास — ____________

काम — ____________ चुपचाप — ____________

## 6. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखो—

छुट्टी — ____________ सब्जी — ____________

बीमारी — ____________ पकौड़ी — ____________

रोटी — ____________ साड़ी — ____________

## 7. विलोम शब्द लिखिए—

आगे — ____________ दाएँ — ____________

अमृत — ____________ लड़का — ____________

काला — ____________ खुश — ____________